
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
राष्ट्रीय सेवा योजना
**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**
**Website- www.gpgcbazpur.in**

# एक दिवसीय शिविर-05/अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
# 08 मार्च, 2024

आज दिनांक **8 मार्च 2025** को **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर की एनएसएस इकाई द्वारा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्राची फर्त्याल के नेतृत्व नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य डॉ. के.के. पांडे ने किया। शिविर के प्रथम सत्र सत्र में स्वयंसेवियों ने महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाएं। इसके पश्चात स्वयंसेवियो को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. के. के. पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेक योर मदर हैप्पी। यदि मां खुश रहेगी तो हमारा परिवार खुश रहेगा, परिवार खुश होगा तो हमारा समाज खुश होगा और हमारा समाज खुश होगा तो हमारा देश खुश होगा और उन्नति करेगा। अपने उद्बोधन में उन्होंने कि नारी शक्ति का प्रतीक है, उसे अपनी शक्ति को पहचान कर परिश्रम करते हुए नित नए उद्देश्य को प्राप्त करते रहना चाहिए।

शिविर के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त






तत्वाधान में एक रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय से लगे गांव रानी नंगल में शिक्षा एवं जागरूकता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। एक दिवसीय शिविर के के अंतिम सत्र में स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में लगे पेड़ पौधों की गुड़ाई की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस शिविर में सुमन, शालिनी शर्मा, तानिया, खुशबू, सानिया, कुसुम, अंजलि, मुस्कान, सिमरन, राजू कुमार, आकाश, जसविंदर सिंह, रजनी, अंजलि, आकाश सागर, वशी सागर, दीक्षा, पायल बिष्ट एवं कंचन आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में में भारतीय मानक ब्यूरो से आई महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कोमल कंबोज ने भी स्वयंसेवियों को मानकों के अनुसार सामान खरीदने संबंधित जानकारी प्रदान की तथा भारतीय मानक ब्यूरो के अभियान से जुड़ने का आहवान किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनप्रीत सिंह ने स्वयंसेवियों को प्रस्तावित सात दिवसीय विशेष शिविर की गतिविधियों एवं महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति रोवर रेंजर लीडर डॉ. जया कांडपाल के नेतृत्व में की गई। नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को प्राचार्य महोदय द्वारा प्रुस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आदर्श चौधरी ने महारानी अहिल्याबाई होलकर









**उत्तर उजाला 09 मार्च 2025**

अतिथि पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने नारी शक्ति को नमन करते हुए नारी के प्रति आदर और सम्मान रखने की अपील की। विभाग द्वारा सामाजिक उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया जिसमें राज्य आंदोलनकारी डा.धनेश्वरी घिल्डियाल, अनीता शर्मा गौड़, डा. जया भट्ट शामिल रहीं। इस अवसर पर जिसमें 30 से 50 वर्ष की महिलाओं के बीच योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों में प्रथम तनुजा नयाल, द्वितीय अर्चना जैन तथा तृतीय मनीषा शर्मा रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम तनिष्क, द्वितीय सौम्या, तृतीय शेखर बिष्ट रहे। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा.अलका राजौरिया, गणेश रावत, सहायक निदेशक डा.सन्तोष आशीष, डा.डीएन जोशी, प्रदर्शनी अधिकारी भाष्कर जोशी, शोभा चरक, महाविद्यालय स्टॉप, स्थानीय नागरिक [illegible] छात्राएं आदि मौजूद रहे।

**बाजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य डा. केके पांडे ने किया। प्राचार्य डॉक्टर केके पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेक योर मदर हैप्पी। यदि मां खुश रहेगी तो हमारा परिवार खुश रहेगा, परिवार खुश होगा तो हमारा समाज खुश होगा और हमारा समाज खुश होगा तो हमारा देश खुश होगा और उन्नति करेगा। शिविर के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय से लगे गांव रानी नंगल में महिला शिक्षा एवं जागरूकता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में लगे पेड़ पौधों की निराई गुड़ाई की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इससे पूर्व शिविर में भारतीय मानक ब्यूरो से आई महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कोमल कंबोज ने भी स्वयंसेवियों को मानकों के अनुसार सामान खरीदने संबंधित जानकारी प्रदान की तथा भारतीय मानक ब्यूरो के अभियान से जुड़ने का

पूनम तिवारी, दीपा कांडपाल, अंजु रौतेला, विशिष्ट अतिथि अमिता, मधु थापा, कार्दंबिनं

आह्वान किया। इधर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी की ओर से बाजपुर ग्रामीण मंडल में जनजाति समुदाय की महिलाओं के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में महिलाओं को सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उमा जोशी, एससीएसपी टीएसपी के सदस्य महेंद्र सिंह ने भी जनजाति समाज को सरकार से मिलने वाली योजनाओं को सभी बहनों को बताया। कार्यक्रम में सुनील ठाकुर, कमल सिंह, वैष्णो देवी, कमला देवी, ममता देवी, शकुन्तला, रेनू देवी, किरण आदि महिलाएं उपस्थित रही।

**रुद्रपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार उपराध नियंत्रण संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रुद्रपुर नगर निगम सभागार में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि रुद्रपुर

के जीवन दर्शन के बारे में छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय के डॉ.

प्राचार्य एनएसएस प्रभारी